APEX HOSPITALS
"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"

30 YEARS of Excellence in Services

# APEX SAMWAD

Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network
Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow
वॉल्यूम 22, मार्च 2026

## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

***प्रिय डॉक्टर्स, स्टाफ सदस्यों और समर्पित सहयोगियों,***

मार्च का महीना हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों और निरंतर प्रगति का रहा। इस दौरान हमने फाइब्रोस्कैन सेवा की शुरुआत की, जिससे मरीजों को बेहतर और समय पर जांच की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही, हमारी टीम ने जटिल और दुर्लभ सर्जरी सफलतापूर्वक कर मरीजों को नई उम्मीद दी।

हमारा निरंतर प्रयास है कि हर मरीज को सुरक्षित, प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं मिलें, और हम इसी दिशा में आगे बढ़ते रहें।



धन्यवाद
**डॉ. एस.बी. झंवर**
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स

Innovation

## मालवीय नगर में फाइब्रोस्कैन सेवा की शुरुआत, लिवर जांच हुई आसान





एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर ने लिवर केयर में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए फाइब्रोस्कैन (FibroScan) सेवा की शुरुआत की है। इस अत्याधुनिक, नॉन-इनवेसिव तकनीक का उद्घाटन डॉ. एस. बी. झंवर (चेयरमैन) द्वारा, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद रेहान और डॉ. अशोक कुमार दूधवाल की उपस्थिति में किया गया। फाइब्रोस्कैन एक FDA-अप्रूव्ड तकनीक है, जो बिना दर्द और बिना सर्जरी के लिवर की स्थिति, विशेषकर फाइब्रोसिस और सिरोसिस का सटीक आकलन करती है। यह प्रक्रिया अल्ट्रासाउंड की तरह सरल है और ओपीडी आधार पर की जा सकती है, जिससे पारंपरिक बायोप्सी की आवश्यकता कम हो जाती है। यह तकनीक फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और अन्य लिवर रोगों की शुरुआती पहचान में मदद करती है, जिससे समय पर उपचार संभव हो पाता है।

Evolution

## 7वें थॉट लीडरशिप समिट 2026 — छोटे शहरों में स्वास्थ्य सेवा को नया आयाम देने पर पैनल चर्चा





जयपुर मैरियट होटल में आयोजित 7वें थॉट लीडरशिप समिट में एपेक्स हॉस्पिटल्स के एसोसिएट डायरेक्टर, सिद्धांत झंवर ने प्रभावशाली सहभागिता दर्ज की। HOSMAC द्वारा आयोजित इस समिट में उन्होंने "Cracking the Hinterland Code: Making Healthcare Work in Smaller Cities" विषय पर पैनल चर्चा का नेतृत्व किया। इस चर्चा में छोटे शहरों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों—जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, किफायती इलाज, मरीजों का भरोसा और बेहतर अनुभव—पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यह संवाद केवल विचारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यवहारिक और लागू किए जा सकने वाले समाधानों पर केंद्रित रहा। एपेक्स हॉस्पिटल्स में इसी सोच के साथ कार्य किया जा रहा है, जहां मरीजों को सुलभ, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना प्राथमिकता है।

**8 हॉस्पिटल्स** | **32+ वर्षों का विश्वास** | **250+ अनुभवी डॉक्टर्स** | **1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए**

Welcoming Our New Doctors

## एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत



डॉ. प्रेमलता कृष्णमूर्ति ने एपेक्स परिवार में कंसल्टेंट – कार्डियक एनेस्थीसिया के रूप में जॉइन किया है और अब वह एपेक्स हॉस्पिटल, मालवीय नगर, जयपुर में अपनी सेवाएं देंगी। कार्डियक एनेस्थीसिया में उनकी विशेषज्ञता जटिल हृदय सर्जरी के दौरान सुरक्षित एनेस्थीसिया और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करती है।



डॉ. हिमांशु खीचड़ ने एपेक्स परिवार में सीनियर कंसल्टेंट – हड्डी रोग, जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पोर्ट्स इंजरी के रूप में ज्वॉइन किया है। वे अब मालवीय नगर, जयपुर में अपनी सेवाएं देंगे। 11 वर्षों के अनुभव के साथ, वे जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी और जटिल ऑर्थोपेडिक समस्याओं के उपचार में विशेषज्ञता रखते हैं।

Women's Day Celebration

## सभी यूनिट्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एपेक्स हॉस्पिटल्स की सभी यूनिट्स में महिला कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनके योगदान को सराहा गया और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए हेल्थ टॉक का भी आयोजन किया गया।











Leadership

## उदयपुर में इंटरैक्टिव हेल्थकेयर लीडरशिप सेशन

एपेक्स हॉस्पिटल, उदयपुर में डॉ. शीनू झंवर- डायरेक्टर के नेतृत्व में एक इंटरैक्टिव हेल्थकेयर लीडरशिप सेशन आयोजित किया गया। इस सत्र में बेहतर प्रबंधन, टीम समन्वय और मरीज-केंद्रित सेवाओं को और मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।





Clinical Success

## डॉ. ईश्वर मीणा ने डायबिटिक फुट का सफल उपचार कर मरीज का पैर बचाया



मालवीय नगर में डॉ. ईश्वर मीणा- कंसल्टेंट (हड्डी रोग, फुट एवं एंकल तथा स्पोर्ट्स इंजरी ) और उनकी टीम ने गंभीर डायबिटिक फुट संक्रमण से जूझ रहे मरीज का सफल इलाज कर उसका पैर काटने से बचाया। तीन चरणों में की गई सर्जरी के माध्यम से संक्रमण को नियंत्रित किया गया और मृत ऊतकों को हटाया गया। आमतौर पर ऐसे मामलों में अम्प्यूटेशन की आवश्यकता होती है, लेकिन विशेषज्ञ उपचार और सही निर्णय से मरीज का पैर सुरक्षित रखा जा सका।

Community Outreach

## जांगिड़ भवन, मानसरोवर में हेल्थ चेकअप कैंप






जांगिड़ भवन, मानसरोवर में आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप में 230 मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इस दौरान बीपी, शुगर, ईसीजी सहित आवश्यक जांचें की गईं और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया। कैंप का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बीमारियों की समय पर पहचान सुनिश्चित करना था।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए |

Digital Ideas


## EMR/HIS सुझाव अभियान

एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा आयोजित EMR/HIS सुझाव अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभियान में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ऐसे सुझाव साझा किए जो रोज़मर्रा के काम को आसान बनाने और मरीज़ सेवाओं को बेहतर करने में सहायक हों। सभी विजेताओं को ₹500 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एपेक्स हॉस्पिटल्स अपने कर्मचारियों की सोच और योगदान को सदा महत्व देता है। ऐसे प्रयास ही संस्था को बेहतर और मज़बूत बनाते हैं।











Treatment Success

## डॉ. कुलजीत सिंह ने एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में एम्पीमा के मरीज का सफल उपचार किया



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में 50 वर्षीय मरीज को अचेत अवस्था में भर्ती किया गया। जांच में दाहिने फेफड़े में पस (एम्पीमा) पाया गया। डॉ. कुलजीत सिंह, कंसल्टेंट – पल्मोनरी मेडिसिन ने तुरंत वेंटिलेटर सपोर्ट और इंटरकोस्टल ड्रेनेज (ICD) के जरिए पस निकालकर इलाज शुरू किया। लगातार मॉनिटरिंग और एडवांस ट्रीटमेंट से 4–5 दिनों में मरीज को वेंटिलेटर से हटाया गया और पूरी तरह स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किया गया। अस्पताल में 24×7 इमरजेंसी सेवाएं, आधुनिक सुविधाएं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित है।

Breakthrough

## बीकानेर में पहली बार EVAR प्रक्रिया सफल: डॉ. बलवीर सिंह ने किया जटिल उपचार




एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में डॉ. बलवीर सिंह (कंसल्टेंट- इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) ने पहली बार EVAR (एंडोवास्कुलर एओर्टिक एन्यूरिज्म रिपेयर) प्रक्रिया सफलतापूर्वक की। मरीज को तेज पेट दर्द की शिकायत थी। जांच में पेट की मुख्य आर्टरी (एब्डॉमिनल एओटा) में 3 सेमी से बड़ा एन्यूरिज्म पाया गया, जिसके फटने का खतरा जानलेवा हो सकता था। समय पर किए गए इस आधुनिक उपचार से मरीज को सुरक्षित राहत मिली और एक बड़ी जटिलता को टाल दिया गया।

Care Milestone

## 20 मरीजों के घुटनों का सफल प्रत्यारोपण, दर्द से मिली राहत



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में सुश्रुत चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से जरूरतमंद मरीजों के लिए टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस पहल के तहत 20 मरीजों के घुटनों का ऑपरेशन किया गया, जिससे उन्हें दर्द से राहत मिली और वे सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। यह सर्जरी अनुभवी सर्जन डॉ. (मेजर) पुलकित ठठाई एवं उनकी टीम द्वारा की गई। इस सामाजिक पहल के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार प्रदान किया गया।

Inauguration

## उदयपुर में न्यूरो इंटरवेंशन की शुरुआत



एपेक्स हॉस्पिटल, उदयपुर में न्यूरो इंटरवेंशन की उन्नत सुविधा शुरू की गई। हाल ही में 90 वर्षीय मरीज को कमजोरी और चक्कर की शिकायत के साथ भर्ती किया गया। जांच में मस्तिष्क की नसों में ब्लॉकेज पाया गया, जिसका उपचार डॉ. मुकुल सिंह सोलंकी एवं उनकी टीम ने बिना बड़े चीरे के सफलतापूर्वक किया। उपचार के बाद मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। यह आधुनिक तकनीक ब्रेन स्ट्रोक, एन्यूरिज्म और ब्लॉकेज जैसी गंभीर समस्याओं का सुरक्षित इलाज संभव बनाती है, साथ ही लकवे के खतरे को कम करती है। समय पर पहचान और इंटरवेंशन से मरीजों की रिकवरी बेहतर और तेज़ हो पाती है। यह पहल क्षेत्र में उन्नत न्यूरोकेयर को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**8 हॉस्पिटल्स** | **32+ वर्षों का विश्वास** | **250+ अनुभवी डॉक्टर्स** | **1 करोड़+जीवन स्पर्श किए**

Awareness

## कैंसर जागरूकता अभियान की शुरुआत





मालवीय नगर में कैंसर जागरूकता अभियान के तहत सुश्रुत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक विशेष वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर जागरूकता फैलाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ी समस्याओं को लेकर जागरूकता वार्ता भी आयोजित की जाएगी।

Rewards and Recognition

## उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान



ईमानदारी का सराहनीय उदाहरण मालवीय नगर में GDA स्टाफ सुरमा दीदी को फर्श पर ₹500 मिले, जिन्हें उन्होंने तुरंत फाइनेंस मैनेजर श्री सुमित अजमेरा को सौंप दिया। उनके इस ईमानदार व्यवहार के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। यह कदम संस्थान के मजबूत नैतिक मूल्यों और पारदर्शिता को दर्शाता है।



कॉर्पोरेट ऑफिस, मालवीय नगर की रेड पेपर कैंटीन में कार्यरत अनिल को उनकी जिम्मेदारी और मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। फरवरी की इन्वेस्टर मीटिंग में नए होने के बावजूद उन्होंने खाना परोसने, बर्तन साफ करने और क्रॉकरी व्यवस्थित रखने सहित सभी कार्य कुशलता से पूरे किए।





उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान श्री शौकत अली (क्लस्टर हेड – पिंक क्लस्टर) और आकांक्षु जांगिड़ (डेटा एनालिस्ट, मालवीय नगर) को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए और जनवरी 2026 में ऑटोमेट बिज़नेस में शीर्ष दो प्रदर्शनकर्ताओं के रूप में उभरे।

Excellence

## डॉ. संदीप गर्ग ने किया जटिल एल्बो रिप्लेसमेंट सफल



डॉ. संदीप गर्ग, विशेषज्ञ – हड्डी रोग (जॉइंट रिप्लेसमेंट व स्पोर्ट्स इंजरी), मालवीय नगर ने एक जटिल टोटल एल्बो रिप्लेसमेंट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मरीज को नया जीवन दिया। मरीज़ पिछले 5 वर्षों से कोहनी के गंभीर दर्द से परेशान थीं। गलत तरीके से हड्डी जुड़ने के कारण उनकी कोहनी का मूवमेंट लगभग समाप्त हो चुका था और वे अपने रोज़मर्रा के कार्य भी नहीं कर पा रही थीं। डॉ. संदीप गर्ग के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने आधुनिक तकनीक की मदद से सफल सर्जरी की।

Mega-camp

## एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप





एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में आयोजित मेगा हेल्थ चेकअप कैंप में 200 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। बीपी, शुगर, ईसीजी सहित आवश्यक जांचें की गईं और विशेषज्ञ डॉक्टरों ने परामर्श दिया। कैंप का उद्देश्य समय रहते बीमारी की पहचान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## Employee Corner

**मैंने वर्ष 2017 में एपेक्स हॉस्पिटल, मानसरोवर में मार्केटिंग टीम के साथ अपने करियर की शुरुआत की। एपेक्स से जुड़कर मैंने समझा कि यहाँ काम सिर्फ इलाज देने का नहीं, बल्कि हर मरीज का भरोसा जीतने का भी है। 1 मार्च 2022 को मुझे मार्केटिंग हेड के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। सितंबर 2025 से मैं एपेक्स स्काईलाइन, झुंझुनूं में यूनिट हेड के रूप में कार्य कर रहा हूँ। मेरी कोशिश रहती है कि हर मरीज को समय पर, सुरक्षित और बेहतर इलाज सेवाएं मिलें, और अस्पताल में एक भरोसेमंद माहौल बना रहे। एपेक्स के मूल मूल्यों के साथ, मेरा निरंतर प्रयास है कि हम हर मरीज के विश्वास पर खरे उतरें और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।**



श्री दीपक सैनी
यूनिट हेड
एपेक्स स्काईलाइन, झुंझुनू

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए